दिनांकः 31.12.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए नये मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्थापित करने के प्रयास शुरू।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक माहौल की जरूरत पर बल दिया।
- रेलवे का नया टाईम टेबल कल से लागू होगा–उत्तर–पश्चिम रेलवे की 66 रेलगाड़ियां प्रभावित होगी।
- प्रदेशभर में नववर्ष के स्वागत का उत्साह और उमंग।
- राज्य के कई स्थानों पर घने कोहरे और शीतलहर का प्रकोप –अगले दो तीन दिनों तक कड़ाके की सर्दी जारी रहने के आसार।

000

राज्य सरकार औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए कई प्रयास कर रही है। इसके लिए लॉजिस्टिक्स हब नये औद्यौगिक नोड्स और मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके लिए उपयुक्त भू–खण्डों की पहचान की जा रही है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल आयोजन के बाद ये पहल की गई है। इसके मद्दे नजर उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और रीको के एम.डी. इन्द्रजीत सिंह की अगुवाई में एक टीम काम कर रही है। इन्होंने परियोजनाओं के लिए उचित स्थानों की पहचान करने के मकसद से कल जयपुर के आसपास के औद्योगिक भू–खण्डों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मांडा, फुलेरा, बिचून और बागावास गांव में दौरा कर भूमि की अनुकूलता पर भी विचार किया।

000

प्रदेश के 9 जिलों के 9 नगरीय निकायों में खाली पदों के उपचुनावों के लिए मतदान 9 जनवरी को होगा। मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है। साथ ही पुर्नमतदान की स्थिति में भी सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर अधिकृत रहेगें। इस बारे में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किये हैं। बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, दौसा, हनुमानगढ़, जयपुर, झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, सवाई माधोपुर और सीकर के 9 नगरीय निकायों के खाली पदों पर उपचुनाव करवाया जा रहा है।

000

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वर्ष 2024–25 के लिए विलंबित और संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 दिसम्बंर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दी है। इससे करदाताओं को रिटर्न दाखिल और संशोधित करने के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मिलेगा।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक माहौल बनाने पर जोर दिया है। श्री बिरला इन दिनों अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के दौरे पर हैं। इस कड़ी में उन्होंने आज रामगंज मण्डी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। गोरधनपुरा मन्दिर में हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हर व्यक्ति की बेहतरी से ही समाज आगे बढेगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होगें।

------------------

000

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की तर्ज पर प्रदेश में राजस्थान यूथ आइकन अवार्ड की शुरूआत की गई है। राज्य सरकार की वर्ष 2024–25 की बजट घोषणा के अनुसार विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं की पहचान कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि ये पुरस्कार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में दिये जायेगें।

उन्होंने बताया कि ये पुरस्कार राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को प्रदान किये जायेंगे।

000

----------------

000

एक जनवरी से ट्रेनों का नया टाईम टेबल लागू हो जाएगा। इससे रेलगाड़ियों की गति बढ़ेगी और यात्रियों के समय की बचत होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कई ट्रेनों के समय में आंशिक बदलाव भी किया गया है।

---------------

000

नये साल 2025 की दस्तक अब चन्द घंटे ही दूर है। प्रदेशभर में नव वर्ष की अगवानी के लिए कई तैयारियां की गई हैं।

----------------

स्वर्ण नगरी जैसलमेर में रेत के धोरों में नये साल का जश्न मनाने के लिए खास इंतजाम किये गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कड़ाके की सर्दी और कोहरे के बावजूद सीमा प्रहरी सुरक्षा के लिए मुस्तैदी से तैनात हैं।

----------------

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री बागड़े ने सभी के जीवन में सुख–समृद्वि और खुशहाली की कामना की है। उन्होंने नये साल में हर दिन कुछ नया करने और समाज के लिए योगदान देने का आह्वान किया है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज डीग पहुंचे। उन्होंने पूंछरी का लौठा धाम के श्रीनाथ जी मन्दिर में पूजा–अर्चना की। इस दौरान श्री शर्मा ने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दौसा जिले के मेंहदीपुर बालाजी मन्दिर पहुंकर दर्शन किये। श्री शर्मा ने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी उनके साथ रहे।

000

जगत् गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय ने प्री–पीएचडी परीक्षा की तारीख में बदलाव किया है। विश्वविद्यालय के अनुसंधान केन्द्र के निदेशक डॉ. राजधर मिश्र ने बताया कि 9 जनवरी को होने वाली परीक्षा अब 20 जनवरी को दो पारियों में होगी।

000

ब्यावर जिले से गुजरने वाले ट्रक ड्राईवरों की स्वास्थ्य जांच के लिए नवाचार किया गया है। जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत की पहल पर **मिशन सेफ आई–सेफ हाईवे** चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले से गुजरने वाले प्रत्येक टोल नाके पर नियमित अंतराल में ट्रक चालकों की सेहत और आखों की जांच मुफ्त की जाएगी। कमजोर दृष्टि वाले चालकों को चश्मे भी दिये जायेंगे।

000

हनुमानगढ़ जिले में इन दिनों नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर कानाराम ने युवा पीढ़ी में नशा मुक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए सोशल मीडिया इन्फल्यूएंर्स के साथ बैठक की। जिला कलेक्टर ने कहा कि उन्हें संवेदनशीलता के साथ नशा मुक्ति की अपील करनी चाहिए।

000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आज एक ई–रिक्शा पलटने से रिक्शा चालक की मृत्यु हो गई और तीन पर्यटन घायल हो गये। घायलों को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000

सवाईमाधोपुर में खुले बोरवेल और ट्यूबबैल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इन्हें अभियान चलाकर बंद करवाया जाएगा। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों, विकास अधिकारियों और तहसीलदारों को सुरक्षित तरीके से बोरवेल ट्यूबवैल को ढकने के निर्देश दिये हैं। जिला कलेक्टर ने इस बारे में पूरी निगरानी रखने को कहा है। इसके साथ ही किसी भी भूमि या परिसर में बोरवैल खुदवाने से पहले लिखित सूचना भी प्रशासन को देनी होगी।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर घने कोहरे और शीतलहर का प्रकोप है। अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, सीकर सहित कुछ अन्य स्थानों पर कड़ाके की सर्दी का असर है। मौसम विभाग के अनुसार आज माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बारां, करौली, चूरू, भरतपुर, सीकर और राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने 3 जनवरी तक शीतलहर के प्रभाव के बने रहने की संभावना जताई है। शीतलहर के चलते लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और ठंड से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई है। हनुमानगढ में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सर्दी के प्रकोप से होने वाली बीमारियों को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से सर्दी से उचित बचाव करने और सतर्क रहने की अपील की है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज सवाईमाधोपुर के दौरे पर रहे। उन्होंने रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण कर बाघों और शावकों की अठखेलियों को निहारा। इस दौरान उन्होंनें वन्य जीवों की सुरक्षा के बारे में भी जानकारी ली।

000